रा०सू०वि०के० हि०प्र० राज्य एकक
डायरी सं० 32910
डायरी तिथि 5/12/15

भारत सरकार/Govt. of India
**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(कार्यालय)**
Town Official Language Implementation Committee(Offices)
**मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, रेलवे बोर्ड भवन, दि माल, शिमला**
O/o The Chairman, TOLIC & Chief Commissioner of Income Tax, Railway Board Building, Shimla.

**फा.सं.: मु.आ.आ./47/नराकास/बैठक/2015-16/** 4217-4317 **दिनाँक: 05.11.2015**

**कार्यालय ज्ञापन :**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला की बैठक दिनांक 29.10.2015 को आयोजित की गई। बैठक के कार्यवृत्त सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए निम्नलिखित को प्रेषित है :-

1. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य। अनुरोध है कि बैठक में लिए गए निर्णयों पर शीघ्र कार्रवाई करके इस कार्यालय को अनुपालन रिपोर्ट भेजें। कार्यवृत्त के संबंध में यदि कोई आपत्ति या सुझाव हो तो कृपया 15 दिन के भीतर इस कार्यालय को भेजें।
2. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-II(नई दिल्ली सिटी सेंटर) भवन, 'बी' विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली।
3. सचिव, संसदीय राजभाषा समिति, 11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली।
4. निदेशक(कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-II(नई दिल्ली सिटी सेंटर) भवन, 'बी' विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली।
5. उप-निदेशक(कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय(उत्तर क्षेत्र-1), दिल्ली, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, ए-149, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली।
6. उप-निदेशक(राजभाषा)(मुख्या.), आयकर निदेशालय(मु.प्र.ज.सं एवं राजभाषा), केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, राजभाषा प्रभाग, छठी मंजिल, मयूर भवन, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली।
7. उप-निदेशक(राजभाषा), मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, कमरा नं. 210डी, विकास भवन, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली।
8. निदेशक, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, सी.जी.ओ. कॉपलैक्स, पर्यावरण भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली।
9. संपादक, राजभाषा भारती, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-II(नई दिल्ली सिटी सेंटर) भवन, 'बी' विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली।
10. सभी अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां (उ. प. क्षेत्र)।

श्री संजय शर्मा
5-12-15

( डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा )
सहायक निदेशक(राजभाषा) एवं
सचिव, न.रा.का.स.
मोबाइल नं. 9530702020

D:\Hindi section 28jan14\D\Thakur\Narakas Shimla\Forwarding letter of TOLIC meetings.doc

## शिमला नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 29.10.2015 को आयोजित बैठक के कार्यवृत

1. शिमला नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक **दिनांक 29.10.2015** को साय 03:00 बजे बचत भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। **बैठक की अध्यक्षता प्रधान आयकर आयुक्त एवं समिति उपाध्यक्ष श्री एच. सी. नेगी जी** ने की। बैठक में राजभाषा विभाग का प्रतिनिधित्व श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक(कार्यान्वयन) ने किया।

2. बैठक में **उपस्थित सदस्यों की सूची परिशिष्ट 'क'** में दी गई है तथा जिन कार्यालयों से कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ उनकी सूची **परिशिष्ट 'ख'** में दी गई है।

3. सर्वप्रथम समिति **सचिव डॉ0 सुरेन्द्र शर्मा** ने समिति **उपाध्यक्ष, श्री एच.सी. नेगी, प्रधान आयकर आयुक्त, राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि एवं उपस्थित सदस्यों** का बैठक में स्वागत किया। तत्पश्चात् सदस्यों के परिचय के बाद बैठक की कार्रवाई आरंभ हुई।

4. उपाध्यक्ष श्री एच. सी. नेगी ने सदस्यों से कहा कि समिति अध्यक्ष श्रीमती अंबिका खटुआ जी ने समिति का उपाध्यक्ष होने के नाते उन्हें बैठक की अध्यक्षता करने के निदेश दिए है क्योंकि वें किसी आवश्यक कार्यवश अपने मूल कार्यालय पंचकूला से शिमला नहीं आ पाई हैं।

5. यह सूचित किया गया कि दिनांक 29.10.2015 को सम्पन्न हुई पिछली बैठक के कार्यवृत सभी सदस्य कार्यालयों को भेज दिए गए थे। किसी भी सदस्य कार्यालय से कोई सुझाव या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। बैठक में सर्वसम्मति से इन्हें पारित कर दिया गया।

5.1 **वार्षिक अंशदानः** सदस्यों से पुनः अनुरोध किया गया कि वे समिति को वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 के अंशदान की राशि शीघ्र भेजें। अंशदान की राशि चैक द्वारा अथवा सचिव नराकास के बैक खाता संख्या 10835936138 IFC Code SBIN0000718 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में ट्रॉंस्फर कर सकते हैं।

5.2 **आय–व्यय के लेखा हेतु ऑडिट उपसमिति का गठनः** यह सूचित किया गया कि वर्ष 2014–15 के आय–व्यय के लेखा हेतु निम्नलिखित उपसमिति का गठन किया गया था।

1 श्री आर. के. वर्मा, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल कार्यालय शिमला।

2 श्री रवि कुमार, लेखाधिकारी, महालेखाकार (ले. व हक) कार्यालय ।

इस समिति से शीघ्र ऑडिट करने का अनुरोध पुनः किया गया।

5.3 समिति का **एक मीडिया पृष्ठ** बनाने का निर्णय लिया गया था। जिससे कि सदस्य कार्यालय एवं नराकास के मध्य उचित समन्वय बना रहे। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि **समिति की एक बैवसाइट बनाई जाए** इसके लिए राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र से अनुरोध किया गया और निम्नलिखित सदस्यों की एक उपसमिति गठित की गईः

1) श्री संजय शर्मा, एन. आई. सी. मोबाइल 9418255554

2) श्री निशांत, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण–9816661054

3) श्री अनुपम सक्सैना, भारत सरकार मुद्रणालय– 9418109312

4) श्री राजेन्द्र चौहान, आयकर विभाग–9459700602

समिति से अनुरोध किया गया कि वे इस पर शीघ्र कार्रवाई करें।

6. **हिन्दी में कम पत्राचार और बैठकों में अनुपस्थिति** : यह सूचित किया गया कि पिछली बैठक के निर्णय अनुसार अध्यक्ष महोदया द्वारा उन 9 कार्यालयध्यक्षों को पत्र लिखे गए हैं जिनके कार्यालयों में 50% से कम पत्राचार हिन्दी में हो रहा था। उन कार्यालयध्यक्षों को राजभाषा विभाग द्वारा पत्र भेजे गए हैं जो बैठक में उपस्थित नहीं हुए थे।

7. **नगर स्तर पर हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन** : यह सूचित किया गया कि सितंबर, 2015 में नगर स्तर पर निम्नलिखित प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई है:

| क्र.सं. | हिन्दी प्रतियोगिता | आयोजक कार्यालय | दिनांक | प्रतिभागी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी निबंध | चीफ पोस्ट मास्टर जनरल | 05.09.2015 | 19 |
| 2. | नोटिंग / ड्राफ्टिंग | प्रधान आयकर आयुक्त | 03.09.2015 | 10 |
| 3. | कंप्यूटर पर हिन्दी टाइप | लेखा परीक्षा अकादमी | 08.09.2015 | 07 |
| 4. | स्मरण शक्ति | पासपोर्ट कार्यालय | 10.09.2015 | 20 |
| 5. | कविता पाठ | दूरदर्शन केन्द्र | 15.09.2015 | 14 |
| 6. | शब्दज्ञान अनुवाद | भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान | 17.09.2015 | 18 |
| 7. | चित्र कहानी लेखन | भारतीय वन सर्वेक्षण | 22.09.2015 | 12 |
| 8. | आशुभाषण | सी.पी.आर. | 23.09.2015 | 12 |
| 9. | प्रश्न मंच | आकाशवाणी | 24.09.2015 | 07 टीमें |
| 10. | नारा लेखन | सी. पी. आर. आई. | 29.09.2015 | 19 |
| 11. | वाद–विवाद | प्रधान आयकर आयुक्त | 30.09.2015 | 13 |

सदस्यों के सुझाव पर यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में आयोजक कार्यालय का पूरा पता और फोन नं. इत्यादि लिखा जाए।

चर्चा के बाद यह भी निर्णय लिया गया कि जिन प्रतिभागियों को कोई पुरस्कार प्राप्त नहीं होता है उन्हें **प्रतिभागी** पुरस्कार दिए जाएं।

8. **संयुक्त हिन्दी कार्यशाला** : यह सूचित किया गया कि समिति द्वारा नगर स्तर पर 11 अगस्त, 2015 को भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में संयुक्त हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई थी इसमें 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो. चेतन सिंह ने किया और समापन के अवसर पर श्री एच. सी. नेगी, प्रधान आयकर आयुक्त उपस्थित थे। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि 17 दिसम्बर,

2015 को सी.पी.आर.आई. में एक और कार्यशाला आयोजित की जाए। सभी सदस्य इसके लिए कर्मचारी नामित करके सी.पी.आर.आई. को सूची भेजें।

9. **संयुक्त पत्रिका का प्रकाशन** : समिति की पत्रिका "यात्रा" के अगले अंक के लिए निम्नलिखित सदस्यों का एक संपादक मंडल पुनः गठित किया गया:

1. डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा, सचिव नराकास, **संपादक**
2. श्री राजेश कुमार, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, **समन्वयक**
3. डॉ. पंकज कपूर, केन्द्रीय विद्यालय
4. श्री अनुपम श्रीवास्तव, भारत सरकार मुद्रणालय
5. डॉ. राजेश्वरी गौतम, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल कार्यालय
6. सुश्री ऊषा गोस्वामी, भारतीय वन सर्वेक्षण

सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे पत्रिका के प्रकाशन के लिए अपने-अपने कार्यालयों से शीघ्र रचनाएँ, सूचनाएँ एवं फोटोग्राफ इत्यादि भेजें तथा पत्रिका में विज्ञापन देकर इसके प्रकाशन में सहयोग दें। विज्ञापन के लिए निम्नलिखित दरें निर्धारित की गई हैं :

1. आवरण का अंतिम रंगीन पृष्ठ = रुपए 12000/-
2. अंदर का रंगीन पृष्ठ = रुपए 10000/-
3. दो रंगों का पृष्ठ = रुपए 8000/-
4. दो रंगों का आधा पृष्ठ = 5000/-

सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि स्लोगन प्रतियोगिता के स्लोगन भी "यात्रा" में प्रकाशित किए जाएं।

10. **कार्यालयध्यक्षों को पुरस्कार** : वर्ष 2014-15 में किए गए कार्य के आधार पर कार्यालयध्यक्षों को दिए जाने वाले पुरस्कारों के निर्धारण के लिए निम्नलिखित सदस्यों को एक समिति गठित की गई :

1. श्री एच. सी. नेगी, प्रधान आयकर आयुक्त, **संयोजक**
2. श्री तेज मोहिन्दर सिंह, निदेशक, एन.सी.डी.सी.
3. श्री रमेश कुमार, सहायक निदेशक, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
4. श्री दौलत सेन, जी. ई. क्यू. डी. कार्यालय, **समन्वयक**

यह निर्णय लिया गया कि मूल्यांकन का कार्य शीघ्र किया जाए और जहाँ आवश्यक हो आंकड़ों का सत्यापन भी किया जाए। श्री दौलत सेन, सदस्य सचिव से रिपोर्ट प्राप्त करके समिति से मूल्यांकन करवाएं।

11. **राजभाषा समारोह** : चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि **24 फरवरी, 2016 को समिति का वार्षिक रा.भा. समारोह आयोजित किया जाए।** माननीय राज्यपाल महोदय

ने पहले ही मुख्य अतिथि के तौर पर शमिल होने की सहमति दे दी है। समारोह के सबंध में निम्नलिखित समिति का भी गठन किया गया:

1. स्वागत समिति :
   1. श्री रमेश चन्द, कर्मचारी भविष्य निधि
   2. श्री रवि कुमार, महालेखाकार (लेखा व हक)
   3. श्रीमती ऊषा गोस्वामी, भारतीय वन सर्वेक्षण
   4. श्री दौलत सेन, जी.ई.क्यू.डी.
   5. श्रीमती सीमा परिहार, भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण
   6. सुश्री धारा सरस्वती, दूरदर्शन केन्द्र
2. **सांस्कृतिक कार्यक्रम :** दूरदर्शन केन्द्र, आकाशवाणी, संगीत एव नाटक प्रभाग, केन्द्रीय विद्यालय, जतोग, जाखू, तिब्बत विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सी.पी.एम.बी. कार्यालय अपने संस्थानों से सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम देगें। **सुश्री धारा सरस्वती एवं श्री हीर चंद नेगी कार्यक्रमों के चयन एवं समन्वय संबंधी समस्त कार्य करेंगे।** संबंधित कार्यालय अपने किसी अधिकारी को नामित करके उनका मोबाइल नं. सुश्री धारा सरस्वती को मोंबाइल नं. 9418477593 पर सूचित कर दें।
3. **जलपान समिति :** आयकर कार्यालय, आई.टी.बी.पी. एवं होटल प्रबंध संस्थान कुफारी अपने एक–एक अधिकारी को इसके लिए नामित करेंगे। नामित अधिकारियों के नाम एवं मोबाइल नं. सदस्य सचिव को शीघ्र सूचित किए जाएं।
4. **प्रैस समिति :** आकाशवाणी, दूरदर्शन केन्द्र और पत्र सूचना कार्यालय एक–एक सपर्क अधिकारी नामित करेंगे। इनके नाम एवं मोबाइल नं. शीघ्र सदस्य सचिव को सूचित किए जाएं।
5. पुरस्कार समिति :
   1. डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा, सचिव नराकास
   2. सुश्री पंकज कपूर, केन्द्रीय विद्यालय, जतोग
   3. श्री हेम शंकर शर्मा, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल कार्यालय

सभी समितियाँ श्री एच. सी. नेगी, प्रधान आयकर आयुक्त के मार्गदर्शन में कार्य करेंगी एवं डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा सभी उपसमितियों के समन्वय का कार्य करेगें। सभी समितियों के सदस्यों की जनवरी के अंतिम सप्ताह में एक बैठक आयोजित की जाएगी।

12. **समिति स्तर पर हिन्दी टाइप प्रशिक्षण कार्यक्रम :** यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय ऑडिट अकादमी में फरवरी के दूसरे सप्ताह में राजभाषा विभाग के सहयोग से एक सप्ताह का हिन्दी टाइप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाए। सदस्य कार्यालय अपने हिन्दी टाइप प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों को इसके लिए शीघ्र नामित करें।

13. **कार्यालयध्यक्षों का बैठकों में भाग लेना :** यह सूचित किया कि संसदीय समिति ने उन कार्यालयों की सूचना मांगी है जिनके कार्यालयध्यक्ष बैठकों में उपस्थित नहीं होते हैं अतः

सभी सदस्य बैठकों में स्वंय भाग लें। अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों से पुनः कहा कि समिति की बैठकों में संबधित कार्यालयध्यक्ष ही स्वंय उपस्थित हों क्योंकि कार्यालयध्यक्षों के न आने से बैठकों में प्रभावी और सार्थक निर्णय लेना संभव नहीं हो पाता है।

14. **छमाही रिपोर्टों की समीक्षा** : बैठक में 30.09.2015 को समाप्त छमाही की रिपोर्टों की समीक्षा की गई और निम्नलिखित निर्णय लिए गए :

1. **हिन्दी में पत्राचार** यह सूचित किया कि लक्ष्यों के अनुसार सारा पत्राचार हिन्दी में होना चाहिए। **निम्नलिखित कार्यालयों में 95% या इससे अधिक पत्राचार हिन्दी में है** जोकि सराहनीय है :

| क्र. सं. | कार्यालय का नाम | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1. | केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग | 99.67% |
| 2. | भारतीय लेखा व लेखा परीक्षा अकादमी | 100% |
| 3. | श्रम और रोजगार मंत्रालय | 98.62% |
| 4. | परियोजना मूल्यांकन कार्यालय, नीति आयोग | 96.66% |
| 5. | स्टेशन अधीक्षक उ.रे. शिमला | 100% |
| 6. | केन्द्रीय विद्यालय जतोग छावनी | 100% |
| 7. | भाकृअनकुप–भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान सं. क्षे. | 95.13% |
| 8. | भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल | 99.07% |
| 9. | उप कमाण्डेंट कार्यालय, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल | 100% |
| 10. | महालेखाकार (लेखा व हकदारी) हि.प्र. | 98.27% |
| 11. | महालेखाकार (ऑडिट) | 98.26% |
| 12. | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय | 98.15% |

निम्नलिखित कार्यालयों में **50% से भी पत्राचार हिन्दी में है** जिन्हे ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है :

| क्र. सं. | कार्यालय का नाम | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1. | दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र, सशस्त्र सीमा बल | 09.75% |
| 2. | विशेष विभाग | 14.00% |
| 3. | होटल प्रबंधन खान–पान एवं पोषाहार संस्थान | 32.21% |
| 4. | मुख्य अभियंता दीपक परियोजना द्वारा 56 सेना डाकघर | 47.82% |
| 5. | सहायक आसूचना ब्यूरो गृह मंत्रालय भारत सरकार | 23.43% |
| 6. | भाकृनुप–राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो | 42.81% |
| 7. | भाकृअनकुप–भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान सं. क्षे. | 95.13% |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय | 28.88% |
| 9. | नियंत्रक संचार लेखा दूर संचार विभाग | 30.64% |

2. यह सूचित किया गया कि कुछ कार्यालयों में कंप्यूटरों पर **हिन्दी के यूनीकोड** फॉन्टस लोड नहीं है और कुछ कार्यालयों में कंप्यूटरों पर बहुत कम काम हिन्दी में हो रहा हैं। **अध्यक्ष महोदय ने कहा कि** कार्यालयों के सभी कंप्यूटरों पर हिन्दी के फॉन्टस लोड करवाए जाएं और उनका हिन्दी कार्य के लिए अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए।

3. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, लेखा परीक्षा अकादमी, श्रम ब्यूरो, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, खादी एवं ग्रामोद्योग आयुक्त कार्यालय इत्यादि कार्यालयों में धारा 3(3) का उल्लंघन हुआ है।

4. बहुत से कार्यालयों ने हिन्दी कार्यशाला का आयोजन नहीं किया है

5. कई कार्यालयों में बहुत कम आंतरिक कार्य हिन्दी में हो रहा है।

6. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग सशस्त्र सीमा बल दूर संचार प्रशिक्षण केन्द्र, मौसम केन्द्र, परियोजना मूल्यांकन कार्यालय इत्यादि कुछ कार्यालयों में रा.भा. समिति की बैठकों का आयोजन नहीं किया गया है।

7. कुछ कार्यालयों जैसे लोक निर्माण विभाग, जनगणना निदेशालय इत्यादि ने हिन्दी पत्रों के उत्तर भी अंग्रेजी में दिए हैं।

चर्चा के बाद **अध्यक्ष महोदय ने कहा कि** जिन कार्यालयों में हिन्दी पत्राचार कम है वे शीघ्र ठोस प्रयास करें। सभी कार्यालयों में हिन्दी पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया जाए। राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का पूरा अनुपालन सुनिश्चित किया जाएं। सभी कार्यालयों में हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों को अपना सारा कार्य हिन्दी में करने के आदेश दिए जाएं। तिमाही बैठकें प्रत्येक तिमाही तौर पर आयोजित होनी चाहिए। जिन कार्यालयों जो भी कमी बताई गई है वे इसे शीघ्र दूर करके अनुपालन रिपोर्ट अध्यक्ष कार्यालय को भेजें।

**संसदीय समिति को कार्यालयों की सूचना :**

सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे संसदीय समिति को भेजी जाने वाली सूचना को शीघ्र अध्यक्ष कार्यालय को भेजें ताकि समिति को समेकित सूचना भेजी जा सके।

राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि **श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप–निदेशक ने अपने संबोधन** में कहा कि आज बैठक में बहुत की विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालय अपनी छमाही रिपोर्टें समय पर बैठक में चर्चा के लिए भेजें क्योंकि समीक्षा का उद्देश्य कार्यान्वयन को बढ़ाना है। कार्यालयध्यक्ष स्वंय बैठकों में अवश्य उपस्थित हों। राजभाषा विभाग को तिमाही रिपोर्टों ऑनलाइन भेजी जाएं। कार्यालयों में अनुवाद के लिए अनुवादकों का पैनल बनाया जा सकता है, यदि अनुवादक नहीं हैं। कंप्यूटर के माध्यम से हिन्दी का अधिक से अधिक कार्य करवाया जाए। रा.भा. विभाग ने अनुवाद और हिन्दी टाइप तथा हिन्दी सीखने के लिए बहुत से सुविधाएँ अपनी बैवसाइट पर उपलब्ध कराई है। सभी सदस्य इसका लाभ उठाएं। विभागीय कार्यों के साफटवेयर भी हिन्दी में अथवा द्विभाषी बनाए जाएं।

**अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रधान आयकर आयुक्त श्री एच.सी. नेगी ने कहा कि** आज की बैठक में बड़ी गम्भीरता से चर्चा की गई है और इस दृष्टि से इसे एक सफल बैठक माना जा सकता है। मैं समिति के कार्यक्रमों की सफलता के लिए सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग चाहता हूँ। कार्यालयध्यक्ष अपनी–अपनी कमियों को दूर करें और बैठक के कार्यवृत और हिन्दी में प्राप्त पत्रों को अवश्य पढ़ें। अक्सर कार्यालयध्यक्ष हिन्दी के बारे में आए पत्रों की नहीं पढ़ते हैं इसलिए अनुपालन नहीं हो पाता हैं। हमें यह स्वंय देखना चाहिए कि कहाँ हिन्दी में कार्य संभव है। हमें स्वय हिन्दी के कार्य के प्रति संवेदनशील होना पड़ेगा तभी हम आदेशों को लागू करवा पाएंगे। यदि हम स्वंय अपना कार्य हिन्दी में करेंगे तो हमारा स्टाफ भी अवश्य हिन्दी में कार्य करेगा। मुझे आशा है कि यदि हम सब मिलकर कार्य करेंगे तो हमारी समिति अगले वर्ष पुरस्कार जीतने में अवश्य सफल होगी। बैठक में आने के लिए सभी सदस्यों और श्री प्रमोद शर्मा जी का हार्दिक धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद के साथ बैठक संपन्न हुई।

**अनुमोदित**

(एच. सी. नेगी)
प्रधान आयकर आयुक्त एवं
उपाध्यक्ष नराकास

**(डॉ॰ सुरेन्द्र शर्मा)**
सहायक निदेशक एवं
सचिव न.रा.भा.का. समिति

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति शिमला की दिनांक 29.10.2015 को आयोजित अर्द्धवार्षिक बैठक में उपस्थित कार्यालयाध्यक्षों तथा कार्यालयों के प्रतिनिधियों की सूची

| क्र. सं. | बैठक में भाग लेने वाले अधिकारी का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | कार्यालयाध्यक्ष / प्रतिनिधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एच.सी. नेगी | प्रधान आयकर आयुक्त | आयकर विभाग शिमला। | उपाध्यक्ष नराकास |
| 2. | प्रमोद कुमार शर्मा | उप निदेशक(रा.भा.) | राजभाषा विभाग | रा.भा. विभाग के प्रतिनिधि |
| 3. | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | सहायक निदेशक (रा.भा.) | मुख्य आयकर आयुक्त शिमला। | सचिव नराकास |
| 4. | सुशील कुमार | महालेखाकार | कार्यालय महालेखाकार (ले.ह.)। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 5. | टी.एस. वेंकटनाथन | निदेशक | राष्ट्रीय लेखा तथा लेखा परीक्षा अकादमी। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 6. | तेज मोहिन्द्र सिंह | क्षेत्रीय निदेशक | राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 7. | डॉ. अभिशेख | क्षेत्रीय निदेशक | क्षेत्रीय कार्यालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 8. | संजय गेरा | स्टेशन अधीक्षक | शिमला रेलवे स्टेशन। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 9. | अनुपम सक्सेना | पी. प्रबंधक | भारत सरकार मुद्रणालय शिमला। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 10. | एस.एस. धनकड़ | उपनिदेशक | खादी और ग्रामोद्योग आयोग। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 11. | महेश चंद्र जोशी | उपनिदेशक | केंद्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, शिमला। | कार्यालय अध्यक्ष |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12. | जसपाल सिंह | उपनिदेशक | जनगणना निदेशालय। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 13. | डी.के. सिन्हा | सहायक आयुक्त | विशेष विभाग। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 14. | के. एस. राणा | स.स.प्र. | सहायक संपदा प्रबंधक, कार्यालय ग्रैंड होटल, शिमला | कार्यालय अध्यक्ष |
| 15. | संदीप श्रीवास्तव | कार्यालय अध्यक्ष | आकाशवाणी, शिमला। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 16. | सुमन कुमार | प्राचार्य | जवाहर नवोदय विद्यालय। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 17. | ऋषि राज सिंह | सेनानी | भारत–तिब्बत सीमा पुलिस। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 18. | मोहित गुप्ता | प्राचार्य | केंद्रीय विद्यालय जतोग छावनी। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 19. | डॉ. कल्लोल प्रामानिक | प्रमुख | भा. कृ. अ. सं. क्षेत्रीय केंद्र, शिमला। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 20. | विनोद कुमार सिंह | प्राचार्य | केंद्रीय तिब्बती विद्यालय, छोटा शिमला। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 21. | सुभाष चंद्र गोयल | अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 22. | प्र.म. सहाय | पासपोर्ट अधिकारी | पासपोर्ट कार्यालय, शिमला। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 23. | मनमोहन सिंह | निदेशक | मौसम विज्ञान केंद्र, शिमला। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 24. | चंद्र शेखर | उप–नियंत्रक | लेखा कार्यालय (प) दीपक। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 25. | संजय कुमार मिश्रा | प्राचार्य | केंद्रीय विद्यालय जाखू, शिमला। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 26. | अजय सिंह | राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी | राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र। | कार्यालय अध्यक्ष |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27. | अनंत गुप्ता | निदेशक | केंद्रीय जल आयोग, शिमला। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 28. | अनुभव दीप्त | सहा. लेखा अधिकारी | सहायक लेखा अधिकारी, स्टेशन मुख्यालय, शिमला। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 29. | अमित शर्मा | उपनहालेखाकार | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा)। | कार्यालय अध्यक्ष |
| 30. | दलवीर कौर | लेखा लिपिक | नेहरू युवा केंद्र, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 31. | अश्वनी कुमार | वरिष्ठ कर सहायक | केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवाकर मंडल, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 32. | चंद्र प्रकाश | वरिष्ठ कर सहायक | केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवाकर मंडल, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 33. | रूपरान | पी.ए. (हि. प्रभारी) | भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 34. | गौरव पटवाल | सूचना सहायक | पत्र सूचना कार्यालय, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 35. | धीरज शर्मा | लिपिक | छावनी परिषद जतोग | प्रतिनिधि |
| 36. | राजेश कुमार | हिंदी अनुवादक | भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 37. | मुकेश अग्रवाल | प्रबंधक | शिमला हवाई अड्डा, जुबड्डहट्टी, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 38. | डी. आर. तनवर | अनुभाग अधिकारी | दूर संचार प्रशिक्षण केंद्र, कसुम्पटी (शिमला) | प्रतिनिधि |
| 39. | अमित कुमार | सहायक उप–निरीक्षक | सशस्त्र सीमा बल, चिकित्सा प्रशिक्षण केंद्र फरहिल शिमला। | प्रतिनिधि |
| 40. | एस.के. झिंगटा | सहायक निदेशक (प्रभारी) | भारतीय वन सर्वेक्षण (उ.अं.) लोंगवुड शिमला। | प्रतिनिधि |
| 41. | संदीप नेगी | व. सा. अधि. | राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय बालूगंज, शिमला। | प्रतिनिधि |

(4)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 42. | आर.सी. जरयाल | सहायक निदेशक | श्रम ब्यूरो, शिमला | प्रतिनिधि |
| 43. | दुनीचंद वर्मा | प्र.प्रे.लि. | भारत सरकार मुद्रणालय शिमला। | प्रतिनिधि |
| 44. | डॉ. पंकज कपूर | स्ना. हि. अ. | केंद्रीय विद्यालय जतोग छावनी। | प्रतिनिधि |
| 45. | रामपाल शर्मा | हिंदी अनुवादक | दीपक परियोजना। | प्रतिनिधि |
| 46. | बी. बी. शर्मा | क्षे. प्र. सहायक | क्षेत्रीय प्रचार कार्यालय। | प्रतिनिधि |
| 47. | एच.आर. शर्मा | प्रक्षेपक | क्षेत्रीय प्रदर्शनी इकाई। | प्रतिनिधि |
| 48. | अश्विनी कुमार | उ.श्रे. लिपिक | केंद्रीय जल आयोग शिमला। | प्रतिनिधि |
| 49. | डा. कुसुम | अनुभाग अधिकारी | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय। | प्रतिनिधि |
| 50. | प्रेमचंद | एस.आई. | भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल। | प्रतिनिधि |
| 51. | सविता कौल | व.ले. परीक्षक | रक्षा पेंशन संवितरण, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 52. | प्रतिमा भट्ट | स. प्र. अ. | राष्ट्रीय पादप अ. सं. ब्यूरो, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 53. | अमित कुमार | स. लेखा अधिकारी | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय कें0 प्रत्यक्ष कर बोर्ड, कसुम्पटी, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 54. | प्रकाश चन्द | उपाध्यक्ष | सेना प्रशिक्षण कमान वेलफेयर ऑफिस। | उपाध्यक्ष |
| 55. | डा. मीनू अग्रवाल | चिकित्सा अधिकारी | भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 56. | जमीता राम कौंडल | सा.नि.स. लेखा | नियंत्रक संचार लेखा, शिमला। | प्रतिनिधि |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 57. | एस.आर. संख्यान | नि.सचिव | सहायक आसूचना ब्यूरो, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 58. | मनोहर लाल | कार्यपालक अभियंता–2 | केंद्रीय लोक निर्माण विभाग। | प्रतिनिधि |
| 59. | हीरचंद नेगी | कार्यक्रम निष्पादक | आकाशवाणी, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 60. | धारा सरस्वती | कार्यक्रम नि पादक | दूरदर्शन केंद्र, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 61. | डा. एन.के. पाण्डेय | संभागाध्यक्ष | केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 62. | डा. राकेश मणि शर्मा | प्रभारी (हिंदी) | केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 63. | प्रदीप भारद्वाज | उप–अरव्यपाल | हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान। | प्रतिनिधि |
| 64. | रमेश कुमार | सहायक निदेशक (राजभाषा) | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन। | प्रतिनिधि |
| 65. | हेम शंकर शर्मा | सहायक निदेशक (राजभाषा) | चीफ पोस्ट मास्टर जनरल, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 66. | ओ.पी.ठाकुर | अनुसंधान अधिकारी | परियोजना मूल्यांकन कार्यालय। | प्रतिनिधि |
| 67. | डा. एस.बी. सिंह | मु.त. अधिकारी | भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र। | प्रतिनिधि |
| 68. | संजय वर्मा | हिंदी अधिकारी | राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र। | प्रतिनिधि |
| 69. | रवि कुमार वर्मा | वरि. लेखा अधिकारी | महालेखाकार (ले.व ह.) शिमला। | प्रतिनिधि |
| 70. | हीरा लाल शर्मा | ले.प. अधिकारी | राष्ट्रीय लेखा तथा लेखापरीक्षा अकादमी। | प्रतिनिधि |
| 71. | निशांत त्रिपाठी | मानचित्रकार | भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, शिमला। | प्रतिनिधि |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 72. | दीपा चौहान | वरि. लेखा परीक्षा अधिकारी | कार्यालय प्रधान महालेखाकार(ले.प.)। | प्रतिनिधि |
| 73. | आशीष चौहान | सहायक निदेशक | निदेशालय जनगणना कार्यालय,हि.प्र. | प्रतिनिधि |
| 74. | वीरेंद्र कुमार | कनि. लिपिक | खादी और ग्रामोद्योग आयोग। | प्रतिनिधि |
| 75. | दौलत सेन | हिंदी अनुवादक | न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, गृह मंत्रालय भारत सरकार शिमला। | प्रतिनिधि |
| 76. | विनोद कुमार | का. अधीक्षक | होटल प्रबंधन संस्थान, कुफरी। | प्रतिनिधि |
| 77. | मोहन सिंह | अ.क्षे.लि. | सहायक आसूचना ब्यूरो, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 78. | कमल शर्मा | लेखाकार | सहायक संपदा प्रबंधक कार्यालय, शिमला। | प्रतिनिधि |
| 79. | अनुभव दीप्त | सहा. लेखा अधिकारी | स्थानीय लेखा परीक्षा अधिकारी (सै), शिमला। | प्रतिनिधि |
| 80. | गुप्तेश्वर नाथ उपाध्याय | अध्यापक | केंद्रीय तिब्बती विद्यालय, शिमला। | प्रतिनिधि |